1666(E)
06/03/2026

मुर्गति शाखा
6/3/26

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 05/03/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ के अन्तर्गत Widening and Strengthening of NH-107 Chethariyapeer Chowk to Champanagar via Dhanhara, Kumhartola, Jangaili, Jagni Road from Ch.0+000 to 7+653 (Total Length-7.653 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री उमाशंकर प्रसाद, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–16.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–1679 दिनांक–16.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय, तदनुसार मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1713(अनु०) दिनांक–24.12.2025 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening of NH-107 Chethariyapeer Chowk to Champanagar via Dhanhara, Kumhartola, Jangaili, Jagni Road from Ch.0+000 to 7+653 (Total Length-7.653 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2517.46 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–6576(एस०) दिनांक–23.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2466.07 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1240(अनु०) दिनांक–09.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹2317.47119 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 12 (Twelve) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 28.09.2025 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 04 (चार) अदद यथाः– |

(i) Abhay Construction
(ii) M/s Ram Sakhi Enterprises Pvt. Ltd.
(iii) M/s H.S. Mehta Infra Private Limited
(iv) M/s Aastha & Saumya

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.11 | विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | प्र0–7 / निविदा–03–251 / 2025<br>उपभागीय ज्ञापांक–1679 दिनांक–16.12.2025 |
| 2.12 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |
| 2.13 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त नहीं है। |

3. **<u>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग का अनुशंसा (पत्रांक–1713(अनु०) दिनांक–24.12.2025):–</u>**

विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड पर दिनांक–16.12.2025 को सम्पन्न बैठक में उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय, जो ज्ञापांक–1679 दिनांक–16.12.2025 द्वारा संसूचित है, पर निर्धारित समय सीमा के अंदर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के उपरान्त् तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ द्वारा खोला गया है। तत्पश्चात् प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड तुलनात्मक विवरणी प्राप्त हुआ है। उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदाकारों का वित्तीय बीड में निविदित राशि निम्नवत् हैः–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | M/s H.S. Mehta Infra Private Limited | **₹23,17,47,119.00**<br><br>**(तेंईस करोड़ सतरह लाख सैंतालीस हजार एक सौ उन्नीस रुपये)** | **परिमाण विपत्र की राशि से 23.46% (तेंईस दशमलव चार छः) प्रतिशत कम दर पर।** | **₹17,73,79,244.88**<br><br>**(सतरह करोड़ तिहत्तर लाख उनयासी हजार दो सौ चौवालीस रुपये अट्ठासी पैसे)** | **L-1** |
| 2. | Abhay Construction | | परिमाण विपत्र की राशि से 19.99% (उन्नीस दशमलव नौ नौ) प्रतिशत कम दर पर। | ₹18,54,20,869.91<br><br>(अठारह करोड़ चौवन लाख बीस हजार आठ सौ उनहत्तर रुपये इक्यानवे पैसे) | L-2 |

इस प्रकार दोनों निविदाकार के तकनीकी बीड में सफल तथा वित्तीय बीड में न्यूनतम निविदाकार M/s H.S. Mehta Infra Private Limited द्वारा वित्तीय बीड में निविदित दर 23.46% (तेंईस दशमलव चार छः प्रतिशत) कम दर है। निविदित दर के अनुसार विषयाधीन कार्य की राशि ₹17,73,79,245.00 (सतरह करोड़ तिहत्तर लाख उनयासी हजार दो सौ पैंतालीस रुपये) मात्र होती है।

उक्त के आलोक में निविदा के तकनीकी बीड में सफल तथा वित्तीय बीड के न्यूनतम निविदाकार M/s H.S. Mehta Infra Private Limited के पक्ष में निविदा निष्पादन की अनुशंसा के साथ वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी, जाँच–पत्र एवं अन्य अभिलेख संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

**4.** उक्त विषयांकित कार्य की निविदा का वित्तीय बीड के संबंध में विभागीय पत्रांक–67(E) दिनांक–05.01.2026 द्वारा Unbalanced Bid Price जो परिमाण विपत्र की राशि से 23.46% कम है, के कारण SBD के ITB की कंडिका–27.4 के अनुरूप Item wise Price Justification सफल न्यूनतम निविदाकार M/s H.S. Infra Private Limited (L-1) से प्राप्त करने के साथ Item Wise Price Justification पर अपना स्पष्ट मंतव्य के साथ प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया, जिसके अनुपालन में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–100(अनु०) दिनांक–17.01.2026 के माध्यम से मंतव्य के साथ प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जो निम्नवत् है:–

विषयाधीन कार्य के निविदा का वित्तीय बीड पर दिनांक–17.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति में प्राप्त निदेशानुसार निविदिाकार M/s H.S. Mehta Infra Private Limited के पत्रांक–844 दिनांक–11.01.2026 द्वारा Item wise Price Justification मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग के कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए प्रतिवेदित किया गया है कि "उक्त कार्य हम 23.46% कम दर पर करने में समर्थ है, यह कार्य हमें आवंटित होता है तो हम इसको आसानी से इस दर पर पूर्ण कर देंगे।"

उक्त के आलोक में अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, पूर्णियाँ का पत्रांक–48(अनु०) दिनांक–13.01.2026 से प्राप्त प्रतिवेदन एवं निविदाकार M/s H.S. Mehta Infra Private Limited द्वारा समर्पित Price Justification को अनुशंसा के साथ मान्य करने हेतु समर्पित की गयी है।

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

5.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1713(अनु०) दिनांक–24.12.2025 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–67(E) दिनांक–05.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–100(अनु०) दिनांक–17.01.2026 द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ के अन्तर्गत Widening and Strengthening of NH-107 Chethariyapeer Chowk to Champanagar via Dhanhara, Kumhartola, Jangaili, Jagni Road from Ch.0+000 to 7+653 (Total Length-7.653 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार M/s H.S. Mehta Infra Private Limited को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से 23.46% (तेंईस दशमलव चार छः) प्रतिशत कम यानि ₹17,73,79,245.00 (सतरह करोड़ तिहत्तर लाख उनयासी हजार दो सौ पैंतालीस रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

5.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

5.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

5.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

5.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

5.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को e-proc website पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 05/03/26 | 05/03/26 | 05/03/26 | |
| (मजीद अहमद) | (उमाशंकर प्रसाद) | (उमा कान्त रजक) | (पंकज कुमार पाल) |
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–251/2025 1666 (E) पटना, दिनांक 06/03/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, पूर्णियाँ/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, पूर्णियाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/03/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।